हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 दिवाली की खरीदारी के साथ बढ़ी बाजारों में...


07 सेवा सहजता से की जाए, तो वही सच्चा धन व सच्चा ...


### आगर-मालवा जिले के किसानों के लिए 138 करोड़ की राहत राशि का सिंगल क्लिक से वितरण

# प्रदेश सरकार किसानों के जीवन को बेहतर करने लगातार कार्य कर रही है : मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं अन्य 29 लाख बहनों को 45 करोड़ सहायता राशि का किया वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन जिले की तराना तहसील में आयोजित हुए राहत राशि वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्राकृतिक प्रकोप से हुई फसल क्षति के लिए आगर-मालवा जिले के किसानो के लिए 138 करोड़ रुपये की राहत राशि किसानों के खातों में अंतरित की तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों सहित गैर उज्ज्वला, विशेष पिछड़ी जनजाति की प्रदेश की कुल 29 लाख बहनों को 45 करोड़ रुपए की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदान की।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लगभग 31 करोड़ रुपए के 30 कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। प्रदेश सरकार किसान हितेषी सरकार हैं। किसानों की जिंदगी बेहतर हो, इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि अतिवृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिये प्रदेश में अब तक 1800 करोड़ रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को किसी भी कारण से क्षति होने पर सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान खून-पसीना एक कर कड़ी मेहनत से फसलें पैदा करता हैं। यदि प्राकृतिक कारणों से फसलों को क्षति होती हैं तो हमारा दायित्व है कि हम उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सोलर पम्प लगाने पर अब किसानो को केवल प्रोजेक्ट लागत की 10 प्रतिशत राशि ही देना होगी, शेष राशि सरकार द्वारा दी जायेगी। सोलर पम्प लगाने के बाद किसानों को बिजली बिल से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को दुग्ध उत्पादन से जोड़ा जा रहा है। देशी गाय पालन पर सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहरीले रासायनिक खाद एवं दवाइयों की बजाय किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि भी दी जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य हैं कि किसानों की आय बढ़े।

## 30 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने समारोह में लगभग 31 करोड़ रुपये लागत के 30 कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने समारोह में लगभग 14 करोड़ रुपये के 21 कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 17 करोड़ रुपये लागत के 09 कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि तराना को शाजापुर से जोड़ने के लिए नई सड़क बनेगी वही अब आगर रोड़ से तराना सीधे जुड़ेगा। उन्होंने कहा की प्रदेश मे अब अधिकतर सड़के फोरलेन ही बन रही है। उन्होने कहा कि कायथा मे महाविद्यालय का भूमि पूजन किया गया है, जिससे अब कायथा के विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधा मिलेगी। उन्होने तराना में आईटी आई के लोकार्पण पर बधाई भी दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि कनासिया-बरडंवा क्षेत्र में लगभग 08 हजार करोड़ रूपये लागत का कारखाना स्थापित हो रहा है जिससे क्षेत्र के लगभग दो से तीन हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने भावांतर भुगतान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सोयाबीन का केन्द्र सरकार द्वारा 5328 रूपये मूल्य घोषित किया गया है। मंडी मे पंजीकृत किसानो द्वारा सोयाबीन विक्रय करने पर उन्हे मंडी मूल्य एवं घोषित मूल्य के अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगर मालवा जिले की प्रशंसा की किसानों एवं प्रदेश वासियों को दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आगर जिले के विधायक मधु गहलोत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव किसानों के मसीहा हैं, मुख्यमंत्री ने आगर जिले को दीपावली पर्व का बंपर गिफ्ट दिया है। आज 138 करोड रुपए की राशि अंतरित की गई है। इस उपलक्ष में सभी किसान भाइयों एवं मेरी तरफ से मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आगर जिले में निरंतर विकास कार्य हो रहे, औद्योगिक क्षेत्र में भी जिला आगे बढ़ रहा है। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने जिला वासियों को सरकार की ओर से शुभकामनाएं दी एवं कहा कि मुख्यमंत्री ने यह राशि प्रदान कर गौरांवित किया है हमारे मुख्यमंत्री किसान पुत्र है एवं किसानों को अन्नदाता मानते हैं। जन प्रतिनिधि एवं किसान भाइयों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं उन्होंने भारतीय किसान संघ को भी बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, किसान संघ के डूंगर सिंह, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान मोर्चा दिनेश परमार, प्रमोद जोशी, राहुल सिंह, मेहरबान सिंह, भरत प्रजापत, गुमान सिंह, कालू सिंह, भगवान सिंह, राघव सिंह, रवि फरड सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि एवं किसान बंधु उपस्थित थे। साथ ही अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, उप संचालक कृषि विभाग विजय चौरसिया, अधीक्षक भू अभिलेख प्रीति चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

### त्योहार पर बाजार ग्राहकों से रोशन

# बाजारों में रौनक लाया खुशियों का त्यौहार




**कानड़।** हर्षोल्लास से भरपूर जगमगाती रोशनी के त्यौहार दीपावली पर्व की घूम नगर में चहुंओर दिखाई दे रही है। धनतेरस से ही बाजारों में खरीद फरोख्त करते हजारों लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। घर की साज सज्जा से लेकर लक्ष्मी पूजन तक के सामानों की जमकर खरीद फरोख्त लोगों द्वारा की जा रही है जिससे रौशनी और रौनक के त्यौहार दीवाली से बाजारों की रौनक बढ़ी हुई है। खुशियों के त्योहार दिवाली पर साज सज्जा की,दुकान,मिठाई,किराना दुकान, कपड़ा, बर्तन,पशु सजावट,वाहन सजावट के सामान,रंग पेंट ,रंगोली आदि दुकानों पर धनतेरस से ही लोगों की खरीददारी का जोर जारी है। हर कोई इस त्यौहार पर अपने अपने हिसाब से खुशियों के साथ मनाने के लिए जमकर खरीदारी कर रहा है इसी वजह से तीन दिनों से बाजार में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।

### महालक्ष्मी पूजन की सामग्री खरीदने की रही होड

सोमवार को आने वाले दीपावली पर्व को लेकर आज बाजारों में जमकर खरीदारी हुई वहीं धन की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए आज नगरी क्षेत्र से ग्रामीण अंचल के लोगों ने मिठाई, गन्ना,ज्वार के पोखरे,गेंदे के फूलों से निर्मित फूल मालाओं की जमकर खरीदारी की गई।रविवार को ट्रालियों से गन्ने एवं ज्वार के पोखरे बाजारों में बिकने आए जिन्हें 20 रूपए प्रति नग के भाव से खरीदे गए वहीं गेंदे के फूलों से निर्मित हारो की कीमत 20 से लेकर 50 रूपए तक की रही इनकी भी जमकर खरीदारी की गई।

## जिले में अवैध रूप से बनाए गए देसी पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने जनसुरक्षा दृष्टिगत और कानूनन प्रतिबंधित होने के मद्देनजर, जिले में प्लास्टिक पाइप, कैल्शियम कार्बाइड, एसिटिलीन गैस या अन्य विस्फोटक रसायनों का उपयोग कर 'देसी पटाखे' (प्लास्टिक पाइप से बनाई गन इत्यादि) तैयार करने, रखने, बेचने, परिवहन करने अथवा उपयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, विस्फोटक अधिनियम, तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। अपर कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, और थाना प्रभारी को आदेशित किया है कि फटाखा दुकानों, फुटकर और खेरची विक्रेताओं का निरीक्षण करेंगे और प्रतिबंधित फटाखे पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

### घरों की सुंदरता बढ़ा रही सुंदर रंगोली

# रंगोली बनाकर कर रहे मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

दीपोत्सव त्यौहार अपने साथ रंगों की बहार लेकर आता है इस त्यौहार पर हर कोई मां लक्ष्मी को प्रसन्न करना चाहता है उसके लिए हर संभव प्रयास किया जाता है इसी तरह घर के बाहर सुंदर रंगोली बनाकर भी मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी की जा रही है नगर के हर घर, दूकान के बाहर धन तेरस से ही रंगोली बनाने का क्रम शुरू हो गया जो भैया दूज तक जारी रहेगा। दिवाली के दिन रंगोली बनाने का एक खास महत्व है। रंगोली को विशेषत मां लक्ष्मी और देवी देवताओं के स्वागत के लिए घर के मुख्य द्वार पर बनाया जाता हैं। दिवाली के दिन ज्यादातर रंगोली में स्वस्तिक, कमल का फूल या फिर लक्ष्मी जी के पदचिह्न बनाए जाते हैं। ये रंगोली समृद्धि और मंगलकामना का संकेत देती है। माना जाता है कि रंगोली घरों से नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करती है।





### रूप चतुर्दशी पर महिलाओं ने किया सोलह श्रृंगार

**कानड़।** दीपावली के त्योहार को लेकर घर आंगन की सजावट के बाद रूप चतुर्दशी को महिलाएं सजने-सवरने में लगी रही। शहर में स्थित ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर दिनभर महिलाओं की भीड़ रही। ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की भीड़ के चलते के पार्लर पर महिलाओं को सजाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

# रविवार को भी बाजार रहा गुलजार, खूब बिके फुंदी पटाखे




**नलखेड़ा।** दीपोत्सव को लेकर बाजार रविवार को भी गुलजार रहा। फटाखे, पशु श्रृंगार, वाहन श्रृंगार, गृह सज्ज़ा की सामग्री के साथ ही पर्व के लिए आवश्यक सामानों की जमकर बिक्री हुई। दीपावली पर्व एक ऐसा पर्व है जिस पर मिट्टी से लेकर महंगे से महंगे चौपहिया वाहनों की जमकर बिक्री होती है। इसी को लेकर स्थाई व्यापारियों एवं फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले सभी की सामग्री की बिक्री होती है। नगर में दीप पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर में पटाखा बाजार एवं पशु धन श्रृंगार की दुकानें लगी हुई है। जहाँ रविवार को भी जमकर फुंदी फटाखे बिके। यही पर पशुओं को लगाने के लिए मेहंदी व हडमची जैसी देशी सामग्री की भी दुकानें लगी हुई है जिन्हें पशुपालक जमकर खरीद रहे हैं। वाहन श्रृंगार सामग्री की दुकानें जहाँ से साइकिल से लेकर ट्रेक्टर दोपहिया कार जीप मालिकों द्वारा श्रृंगार की खरीदी की जा रही है। शिवाजी चौराहे से गणेश चौराहे के मध्य मिट्टी के दीपक मिट्टी के खिलौने रंगोली के रंग गृह सज्ज़ा की सामग्री की दुकानें लगी हुई है जहां रविवार को भी ग्राहकों की खासी भीड़ रही। इसके अतिरिक्त लखुंदर नदी की पुलिया से चौक बाजार व शिवाजी चौराहा से मां बगलामुखी चौराहा तक स्थाई दुकानों पर विभिन्न सामग्रियों की खरीदी के लिए ग्राहकों की जमकर भीड़ रही।



### 50 परिवारों को पटाखे, मिठाई और अन्य सामग्री के पैकेट घर-घर जाकर वितरित किए

# धनतेरस पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने गरीब बच्चों को दिया दीपावली का तोहफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



धनतेरस के पावन पर्व पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन ने समाज सेवा का सराहनीय उदाहरण पेश किया। संस्था की टीम ने शहर की गरीब बस्तियों में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को दीपावली का उपहार भेंट किया। इस दौरान लगभग 50 परिवारों को पटाखे, मिठाई और अन्य सामग्री के पैकेट घर-घर जाकर वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्ष ने बताया कि तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी पिछले दो वर्षों से लगातार समाजसेवा के विभिन्न कार्य कर रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर गरीब बस्तियों में दवाइयां, बच्चों को स्कूल बैग, बहनों को राखी पर साड़ी और मिठाई जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाती रही हैं। धनतेरस के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में सोसाइटी की पूरी टीम उपस्थित रही और बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# मां लक्ष्मी के स्वागत में रंगोली व मांडने से सज रहे घर आंगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



लक्ष्मी जी के स्वागत में नगर में हर घर आंगन रंगोली व मांडने से सजाएं जा रहे हैं। नगर में सोमवार को दीपावली मनाई जाएगी। लक्ष्मी जी का आगमन होगा, उनका पूजन होगा। लक्ष्मी जी के आगमन पर उनके स्वागत के लिए धनतेरस से ही घर आंगन रंगोली व मांडने से सजाएं जा रहे है। रविवार को रूप चतुर्दशी के अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं द्वारा अपने घर आंगन के साथ ही प्रतिष्ठानों के बाहर भी आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। इसके साथ ही नगर में कई स्थानों पर परंपरागत मांडने भी मांडे गए है। जमीन को गोबर से लिप कर सफेदे से मांडना बनाने की पुरानी परंपरा को कई महिलाएं आज भी जिंदा रखे हुए हैं। इन मांडनों से घर आंगन का आकर्षण कई गुना बढ़ जाता है।

## खबर संक्षेप

### चलो मिलकर दीप जलाएं, खुशियों की लौ सब तक पहुंचाएं



**देवास।** मित्राय सोशल वेलफेयर सोसाइटी के 9 वे स्थापना दिवस पर सदस्यों द्वारा 19 अक्टूबर को दीपावली के एक दिन पूर्व सेवा बस्ती के बच्चों को देवास स्थित प्रतिष्ठित मॉल में ले जाकर जाकर उनकी पसंद के नए कपड़े दिलवाए उसके बाद रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन कराया गया और अंत में उन्हें मिट्टी के दिए और मिठाई बाँटी गई। जानकारी देते हुए मित्राय सदस्य अखिल दुबे ने बताया कि इन सभी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आँखों में चमक ही हमारे इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता रही। हमारा विश्वास है कि खुशियाँ केवल बाँटने से ही बढ़ती हैं और इस दीपावली पर्व पर हमने उन नन्हें मासूम बच्चों के दिलों में कुछ ख़ुशी लाकर सच्चे अर्थों में प्रकाश का उत्सव मनाया। मित्राय समाज के हर वर्ग तक खुशियाँ ओर सेवा पहुँचाने के अपने संकल्प को यूँ ही आगे बढ़ाता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पत्रकार हेमंत शर्मा और मित्राय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### बच्चों को मिठाई व पटाखे वितरित किए


**देवास।** दीपावली का पर्व रोशनी और उल्लास का प्रतीक है, और जब यह सेवा और समर्पण के भाव के साथ मनाया जाए तो उसका प्रभाव और भी गहरा हो जाता है। समाजसेवी घनश्याम मोदी ने बताया कि इसी उद्देश्य को लेकर श्री हरिकृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान द्वारा संस्थापक अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल के नेतृत्व में उज्जैन रोड बायपास स्थित ग्राम भीमसी नागुखेडी की सेवाबस्ती में दीपोत्सव पर्व भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की गौशाला में गौ माता की पूजा-अर्चना से हुई, जहां गौमाता को विशेष रूप से सजाया गया और उन्हें मिठाई व हरा चारा खिलाया। इस पावन अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने गौ सेवा ही नारायण सेवा है के मंत्र को चरितार्थ करते हुए गऊ माता की सेवा को दीपोत्सव का मुख्य केंद्र बनाया।

### प्रभारी मंत्री, कलेक्टर और एसपी ने दी जिलेवासियों को दिवाली की बधाई और शुभकामनाएं

# दिवाली की खरीदारी के साथ बढ़ी बाजारों में भारी भीड़, छोटी दिवाली पर सर्राफा व सभी कारोबारियों का अच्छा हुआ व्यापार







### कलेक्टर, एसपी ने बाजार का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिया लोकल फॉर वोकल का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य बाजारों में दीपावली पर्व को लेकर जोरदार खरीदारी जारी है। रविवार को छोटी दीपावली और नरक चतुर्दशी के अवसर पर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे व्यापारियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। सर्राफा बाजार में पूजन के लिए चांदी के सिक्के और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की विशेष खरीदारी की गई। इस बार बाजार में अधिकतर भारतीय सामानों की बिक्री हुई, जबकि चाइनीज उत्पादों की पहले जैसी धूम नहीं दिखी। सोने-चांदी के सिक्के, गिन्नी और भगवान की मूर्तियों के अलावा श्रीगणेश-लक्ष्मी और कुबेर की मूर्तियां, खील, खिलौने, बताशे और मिठाइयों की भी जमकर खरीदारी हुई। चॉकलेट, मेवे, गिफ्ट आइटम और कपड़ों की भी खूब बिक्री हुई। खरीदारों के साथ व्यापारी वर्ग भी खासा उत्साहित नजर आया। महिलाओं ने दिये और साज-सज्जा की चीजें खरीदीं। रविवार को भी बाजार गुलजार रहा। इस दौरान लोगों ने पूजन सामग्री, फल, घरों पर लगने वाली लाइट की झॉलरें, गिफ्ट आइटमों की खरीदारी की। वह मिठाई की जमकर ब्रिकी हुई। वही लोगों ने इलेक्ट्रानिक्स सामान भी खरीदे। दीपावली पर घरों को सजाने के लिए फूल और मालाओं की जमकर खरीदारी की गई। बाजार में गेंदे की फूल मालाएं 50-80 रुपये तक बिक रही है।

#### प्रभारी मंत्री ने दी शुभकामनाएं

उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कहा कि दीपावली खुशी और हर्षोल्लास का पर्व है। उन्होंने दीपोत्सव पर्व दीपावली पर समाज के सभी वर्गों के मंगलमय एवं खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी/कर्मचारियों, पत्रकारगणों एवं जिले के नागरिकों को दीपावली की बधाई देते हुए, आशा व्यक्त की है कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन को प्रगति की रोशनी से आलोकित करता रहेगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गेहलोद ने बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व जिले के सभी नागरिकों के लिए मंगलमय हो। दीपों का यह त्यौहार सभी के जीवन को तरक्की व उन्नति के प्रकाश से आलोकित करता रहे। उन्होंने दीपोत्सव पर जिलेवासियों को अपनी ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

#### कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर ऋतुराज सिंग और एसपी पुनीत गेहलोद ने दीपोत्सव पर देवास शहर के रौनकमय बाजारों का अवलोकन किया और सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने खरीदारों और विक्रेताओं से बातचीत भी की।स्थानीय फूटकर विक्रेताओं से खरीदारी कर "वोकल फॉर लोकल" का संदेश दिया। डिजिटल माध्यम से भुगतान कर क्यूआर कोड लगाने वाले विक्रेताओं को प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर और एसपी ने देवास में बाजार का निरीक्षण किया और स्थानीय व्यक्तियों से निर्मित स्वदेशी वस्तुएं खरीदी। उन्होंने सभी से स्थानीय व्यक्तियों से निर्मित स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की अपील भी की। कलेक्टर और एसपी मिट्टी के दीए सहित अन्य पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों को चर्चा भी की। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल का आव्हान किया गया है। लोकल फॉर वोकल अपनाकर हम एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि लोकल फॉर वोकल से स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। स्थानीय स्थानीय व्यक्तियों से खरीदारी करने से उत्पादक अपने उत्पादों को अच्छी तरह से बनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

#### हाट बाजार में लोटी रौनक

**भौरासा।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में खोई रौनक फिर से लौट आई है और बाजारों में ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने जमकर की खरीदारी पुष्य नक्षत्र से लेकर दीपावली उत्सव की शुरुआत हो जाती है और बाजार में रौनक बनी रहती है जिसकी झलक नगर के बाजार में देखी गई। रविवार को लगे हॉट बाजार में भारी भीड़ देखी गई। दीप उत्सव को लेकर साप्ताहिक हाट बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजार में सुबह से ही दुकानदारों ने अपनी दुकानो में साज सजा की। हाट बाजार के दुकानदारों को भी नगरवासियों ने निराश नहीं किया। ग्रामीणों ने साज सजा से लेकर पशु श्रृंगार, कलर किराना आदि सामग्री की जमकर खरीदारी की। बाजार में पूरे दिन भीड लगी रही। शाम ढलते ढलते हजारों रुपए का कारोबार होना सामने आया। बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल शॉप, आभूषण, कपड़ा बाजार से लेकर दीपावली पर्व से जुड़ी हर सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। वहीं मिट्टी के दीपक, कलश आदि सामग्री की लोगों ने खरीदारी की।

#### 1101 दीयों से जगमगाएगा खाटू श्याम धाम

अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में 20 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्याम के धाम पर 1101 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। ये दीपक भक्तों द्वारा अपने-अपने परिवार की ओर से प्रज्वलित किए जाएंगे। दीपावली के पावन पर्व पर बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा 56 भोग का भव्य प्रसाद अर्पित किया जाएगा। मंदिर को विद्युत सज्जा एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से सुंदर रूप से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत महा आरती शाम 6:45 बजे होगी, जबकि दीपोत्सव का आयोजन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस विशेष अवसर पर बाबा श्याम के मंदिर के द्वार भक्तों के लिए पूरे दिन खुले रहेंगे। भक्तों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है।







# संस्था श्री विश्व राजा की अनोखी पहलः दीपों की रौशनी में मुस्कुराए बच्चे, मिठाई और पटाखे दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था श्री विश्व राजा द्वारा आओ खुशियाँ बाँटें हम अभियान के अंतर्गत इस वर्ष भी दीपावली का पर्व देवास की विभिन्न बस्तियों के बच्चों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था के सदस्यों और समाजसेवियों ने बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाइयाँ और पटाखे वितरित कर खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल तथा विशेष अतिथि पार्षद गणेश पटेल रहे। अतिथियों ने संस्था की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेम, सहयोग और समरसता की भावना को बढ़ाते हैं। संस्था के अध्यक्ष हाईकोर्ट एडवोकेट एवं समाजसेवी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक त्योहारों की खुशियाँ पहुँचाना है। हर वर्ष दीपावली सहित अन्य पर्वों पर संस्था गरीब बस्तियों, झुग्गी क्षेत्रों और आश्रमों में जाकर बच्चों के साथ त्योहार मनाती है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वामी योगेन्द्र भारती, लाखन सिंह दरबार, राजेन्द्र सिंह पवार, जयप्रकाश भाटिया, पीलोक सरकार, मुकेश जोशी, चंद्रकांत सिंह परिहार, मोहित श्रीवास्तव, गोपाल पंडित, प्रवीण मंडलोई, आदित्य श्रीवास्तव, गोरीशंकर पटेल सहित संस्था के पदाधिकारीगण, समाजसेवी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों और सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समाज में प्रकाश और सद्भाव का संदेश दिया।कार्यकम का संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुणाल जोशी ने किया और आभार भाजपा नगर मंत्री लाखन सिंह दरबार ने माना।

# महिला को पीटने वाले बदमाश को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत घर में घुसकर महिला से मारपीट करने और शराब के लिए पैसे मांगने वाले बदमाश को रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विजेंद्र मालवीय के खिलाफ पहले भी मारपीट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। शनिवार को पीपलरावां थाना क्षेत्र की चौबाराधीरा चौकी पर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम इक्लेरा निवासी विजेंद्र मालवीय (32) ने उसके घर का दरवाजा तोड़ अंदर घुसकर अश्लील गालियां दीं और मारपीट की और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करते हुए अड़ीबाजी की, जिस कर पीपलरावां थाने में अपराध क्रमांक 358/2025 पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया और एसडीओपी सोनकच्छ दीपा मांडवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पीपलरावां सुबोध गौतम और चौकी प्रभारी चौबाराधीरा राकेश चौहान ने एक टीम बनाई। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विजेंद्र मालवीय को महज तीन घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के रिकॉर्ड अनुसार, आरोपी विजेंद्र मालवीय आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पीपलरावां थाने में पहले भी मारपीट, धमकी देने, आर्म्स एक्ट और लापरवाही से वाहन चलाने सहित कई मामले दर्ज हैं। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध गौतम, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश चौहान, आरक्षक विशाल हाड़ा, बलराम तथा सैनिक करण सिंह और राजेंद्र सिंह की भूमिका रही।

### भक्तों में उत्साह, 50 लाख की जगह 1 करोड़ 3 लाख के नोट से सजा मंदिर परिसर

# श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मोती बंगला शिवाजी नगर स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली का विशेष अनुष्ठान शनिवार से शुरु हो गया है। इस वर्ष श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास समिति ने मंदिर को दीपावली के अवसर पर रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर नोटों से सजाने का निर्णय लिया था।

इसके लिए जन सहयोग से राशि एकत्रित की गई। समिति ने मंदिर को नोटों से सजाने के लिए पहले 50 लाख का लक्ष्य रखा था, किंतु भक्तों में इस विशेष अनुष्ठान के लिए खासा उत्साह देखा गया,जिसके चलते मंदिर समिति को धनतेरस की सुबह 1 करोड़ 3 लाख रुपये की राशि भक्तों द्वारा समर्पित की गई है। इस तरह अब महालक्ष्मी मंदिर में 1 करोड़ से अधिक की राशि से सजाया गया। श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास समिति के अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि अनुष्ठान के अंतर्गत शनिवार को महालक्ष्मी का कुमकुम से अर्चन किया गया। वहीं 19 अक्टूबर को 21 हजार कमल पुष्प से अर्चन किया जाएगा। साथ ही नोटों से सजा मंदिर भक्तों के लिए खोला जाएगा। शर्मा ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पूरी रात मंदिर में अनुष्ठान चलेगा। अनुष्ठान का समापन 22 अक्टूबर को होगा। जिसके बाद भक्तों को भाई दूज के अवसर पर उनके द्वारा अर्पित की गई राशि व कुबेर पोटली प्रसाद स्वरूप सौंपी जाएगी। मंदिर सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। आयोजन समिति ने भक्तों से धर्मलाभ लेने की अपील की है।



### मां काली पूजा महोत्सव आज से शुरू

बालगढ़ स्थित अर्जुन नगर, चुना खदान में श्री श्री शिव शक्ति देवी माँ काली पूजा उत्सव समिति इस वर्ष अपने 16वें वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य आयोजन करने जा रही है। माँ काली की आराधना, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सवों के साथ उक्त आयोजन सम्पन्न होगा। समिति अध्यक्ष संजीत हालदार ने बताया कि श्री श्री माँ काली पूजा का शुभारंभ सोमवार को होगा। इस दिन प्रातः 8 बजे गंगा पूजा के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। तत्पश्चात रात्रि 7 से 8 बजे तक चण्डी पाठ, रात्रि 12 से प्रातः 4 बजे तक माँ काली पूजा, प्रातः 5 बजे होम पूजन, 5.30 बजे पुष्पांजली तथा 6 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। पूजा के अगले दिन 21 अक्टूबर, मंगलवार शाम 7 बजे से संध्या आरती का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजन सामूहिक आरती में शामिल होकर माँ काली से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद 22 अक्टूबर, बुधवार शाम 7 बजे से महाप्रसादी वितरण (भण्डारा) आयोजित किया जाएगा। 23 अक्टूबर, गुरुवार शाम 7 बजे से भव्य डांस कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएँगी। 25 अक्टूबर, शनिवार सुबह 11 बजे से भव्य चल समारोह निकालेगा। जो अर्जुन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। समिति उपाध्यक्ष शेखर साहा, हेमंत वैद्य सचिव अशोक मण्डल, अभिजीत हालदार, कोषाध्यक्ष प्रदीप हावलादार, संजु विश्वास, आकाश मण्डल सहित समस्त बंगाली समाज ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि अधिक संख्या में उपस्थित हो।

# निर्वाचन आयोग प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों के मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिए जिले में आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत भा.प्रा. से (सेवानिवृत्त) द्वारा गतदिवस अनुभाग क्षेत्र बागली का भ्रमण किया तथा नगर परिषद हाटपिपल्या, जनपद पंचायत क्षेत्र बागली की ग्राम पंचायत मातमोर एवं अरलावदा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकृत केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दावा आपत्ति प्राप्ति के संबंध में प्राधिकृत कर्मचारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत ने बागली मुख्यालय पर कार्य के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स एवं पर्यवेक्षकों तथा क्षेत्र के महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ बैठक कर चर्चा की। पुनरीक्षण गतिविधि अंतर्गत पर्याप्त प्रचार प्रसार करने एवं अधिकाधिक मतदाताओं को प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया हैं जिसके तहत अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति निर्धारित प्राधिकृत केन्द्रों पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। निर्वाचन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 नवम्बर को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### दीपावली पर राशन किट करायी उपलब्ध

**ललितपुर।** कौमी एकता सेवा समिति के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के मौके पर जरूरतंद परिवारों तक पहुंच कर उनको दीपावली मनाने के लिए राशन किट उपलब्ध करवाई गई। संस्था कई वर्षों से दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर यह नेक कार्य करती आ रही है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष परवेज पठान, संरक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, प्रियदर्शी चौबे, हनुमत कुशवाहा, मकबूल राइन, राजेश झा, सुरेन्द्र पाल रिंकू आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बाजार निवासी संतोष कुमार जैन पुत्र ताराचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसे चन्देरा के पास राजेश एण्ड कम्पनी दाल मिल के मालिक भगवानदास द्वारा गालियां देते हुये हाथापाई की गयी और उनके मुनीम/भांजा बाहुबलि नगर निवासी अखलेश जैन द्वारा थप्पड़ मारे गये, जिससे वह घायल हो गया। बताया कि हाथापाई के दौरान उसकी सोने की अंगूठी कहीं गिर गयी, जो कि नहीं मिली। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राज्य स्तरीय टीम में खेलेगी वात्सल्य की छात्रा

**विदिशा।** संभाग स्तरीय वास्केट बाल प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में नर्मदापुरम में हुई। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करते हुए वात्सल्य महाविद्यालय की छात्रा स्नेहा बघेल ने राज्यस्तरीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। छात्रा के इस प्रदर्शन पर संस्था की डायरेक्टर देवना अरोरा सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं देते हुए स्नेहा बघेल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समीक्षा बैठक 29 को

**विदिशा।** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह 29 अक्टूबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेंगे। जिलों को 24 अक्टूबर तक एजेंडा बिंदुओं की जानकारी तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक से संबंधित कार्यवाहियां, कृषि कार्य, भावांतर योजना, अभिलेखागार उन्नयन, लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, भूमि एवं वन सीमा विवाद, वक्फ संपत्ति सत्यापन विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### राहुल राज मीडिया विभाग के प्रभारी बने

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज को विदिशा जिले का मीडिया विभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में की गई है। राहुल राज लगातार प्रदेशभर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विदिशा जिले में उन्हें प्रभारी बनाए जाने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में मिलकर कांग्रेस पार्टी के संगठन को और मजबूत करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष उजागर करेंगे।

### डेंगू नियंत्रण: एंबेड सर्वे टीम का रीजनल प्रशिक्षण

**विदिशा।** डेंगू संक्रमण की रोकथाम हेतु एंबेड एनजीओ द्वारा भोपाल में तीन दिवसीय रीजनल प्रशिक्षण एवं रिव्यू बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. हिमांशु जायसवार और सीएमएचओ द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने सर्वे कार्यों के प्रभावी संचालन पर मार्गदर्शन दिया। विदिशा, नीमच, इंदौर और भोपाल के युवाओं ने भाग लेकर अनुभव साझा किए।

---

### सेवा की महक से सजी धनतेरस, सम्मान की रोशनी से दमका शहर

# सेवा सहजता से की जाए, तो वही सच्चा धन व सच्चा उत्सव बन जाती: सन्मति

*लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 ने निर्वाचित नपाध्यक्ष को किया सम्मानित*

*लायन सुनीता सराफ के सेवा रूप जन्मदिवस के साथ सेवा और सम्मान का संगम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के तत्वावधान में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट कार्यालय, एम्ब्रोसिया सोसाइटी में एक भव्य सेवा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडलाध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन सन्मति सराफ के नेतृत्व और सहजता से दान करें सिद्धांत की प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। समारोह दो विशिष्ट अवसरों को समर्पित रहा नव-निर्वाचित अध्यक्ष सोनाली जैन का सम्मान समारोह तथा लायन सुनीता सराफ के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा समारोह। इस दौरान मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सर्राफ के सौजन्य से 86 जरूरतमंद परिवारों को बेडशीट एवं ओढने वाली चादरें वितरित की गईं। दोनों अतिथियों का लायंस परिवार द्वारा फूलमाला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया गया। लायन सुनीता सर्राफ के जन्मदिन पर केक काटकर सभी ने हर्षोल्लास के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। धनतेरस की स्वर्णिम संध्या पर सम्पन्न यह सेवा-कार्य नगर में मानवता, करुणा और नारी शक्ति की सुगंध बिखेर गया। कार्यक्रम में जिले के लायंस क्लबों के पदाधिकारी तथा एम्ब्रोसिया सोसाइटी के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सेवा, सौहार्द और सामाजिक सहयोग की भावना से इस आयोजन को सफल बनाया। इस दौरान मंडलाध्यक्ष लायन सन्मति सर्राफ ने कहा कि जब सेवा सहजता से की जाए, तो वही सच्चा धन और सच्चा उत्सव बन जाती है। सुनीता सर्राफ ने अपने जन्मदिवस को सेवा के रूप में मनाकर लायंस परिवार के लिए नई मिसाल कायम की है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने यह सिद्ध किया है कि जब नारी नेतृत्व संकल्प लेता है, तो समाज में विकास और सशक्तिकरण की नई दिशा बनती है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए लायंस परिवार की आभारी हूँ। यह सम्मान केवल मेरे लिए नहीं, बल्कि हर उस महिला के लिए है जो समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभा रही है।

**जनता का मुझ पर विश्वास वह मेरे लिए प्रेरणा और उत्तरदायित्व दोनों**




ललितपुर की जनता ने मुझ पर जो विश्वास प्रकट किया है, वह मेरे लिए प्रेरणा और उत्तरदायित्व दोनों है। मैं नगर के नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता, जल-संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और शिक्षा जैसे अभियानों को नई दिशा दूँगी। मेरा सपना है कि ललितपुर न केवल सुंदर, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त नगर बने। हर गली में प्रकाश, हर घर में स्वच्छता और हर परिवार में सम्मान की भावना जागे। लायन सन्मति सर्राफ और लायन सुनीता सर्राफ का समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। लायन सुनीता सर्राफ ने कहा कि मेरा यह जन्मदिवस किसी उत्सव से बढ़कर सेवा का अवसर है। किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। लायंस क्लबों के साथियों ने जिस निष्ठा और समर्पण से इस सेवा-पर्व को सफल बनाया, वह ललितपुर के लिए प्रेरणा है। लायन रविन्द्र अलिया, लायन कैलाश अग्रवाल, लायन महेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, डॉक्टर विशाल जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान लायन प्रदीप जैन, लायन प्रदीप खैरा, लायन राजीव पटवारी, डा.आलोक जैन, लायन गिरीश साहू, नीरज खैरा, लायन संजीव जैन (ममता स्पोर्ट्स), लायन अनिमेष जैन, लायन सतनाम सिंह, लायन के.के.बंसल, लायन राजपाल सिंह बुंदेला, दलजीत सिंह, आनंद जैन, सुरेश अग्रवाल, राजेश माहेश्वरी, कोमल चंद जैन दादा, डा.अजय जैन, अमित जैन, अंकित जैन, अंकुर जैन, दीपक नामदेव, सुब्रत उपाध्याय, सुधीर मिश्रा आदि शामिल रहे। महिला सदस्यों में बीना जैन, काजल जैन, आशी जैन, डिम्पल जैन, रीना जैन, मीना जैन, प्राची जैन, पलक जैन, आरती जैन, महीमा जैन, ममता जैन, मनिंदर कौर, खुशबू जैन, वंदना जैन, समता जैन, डा.शिल्पी जैन और सीमा जैन की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संचालन डा.दीपक चौबे ने किया।

---

### सेवा निवृत्त व पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

# पेंशन विरोधी रिपोर्ट बनाई गई है जो पेंशनर्स विरोधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोषागार के पेंशन कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जे.के.सिंह पूर्व वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जे.के.सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राशिकृत कटौती के संबंध में गठित कमेटी द्वारा 25 सितम्बर 2025 को शासन ने प्रस्तुत किया, जिसका घोर विरोध पेंशनर द्वारा किया गया।

क्योंकि गठित कमेटी के सदस्यों द्वारा एक एक बिंदु पर जो समीक्षा की गई है। वह रिपोर्ट न होकर हाई कोर्ट के जज के तरीके से आदेशात्मक रुख अपनाया गया है, जिसमें पेंशनर्स के पक्ष को विलुप्त करते हुए पेंशन विरोधी रिपोर्ट बनाई गई है जो पेंशनर्स विरोधी है। जिसका सभी पेंशनर्स ने विरोध किया। मुख्य बिंदुओं में आठवें वेतन आयोग के गठन का कोई हवाला नहीं है। कमेटी द्वारा आठवें वेतन आयोग के समक्ष प्रेषित किया जाएगा। 3 अक्टूबर 2025 को प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव, महामंत्री ओ.पी.त्रिपाठी द्वारा 75 जिलों के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों में राशिकृत कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष की जाय। कोरोनाकाल 18 माह का मंहगाई भत्ते का भुगतान शीघ्र किया जाए। पूर्व में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में 50 प्रतिशत की सुविधा थी जो करोना काल में बंद कर दी गई थी उसे पुनः बहाल किया जाए।

पेंशनर्स में के.सी.शर्मा एवं हजारीलाल पाल द्वारा 13 नए सदस्य बनाए गए जो बधाई के पात्र है। बैठक में महेन्द्र कुमार जैन, दानवीर सिंह, डा.आर.सी.जगरिया, कैलाशचंद शर्मा, गंगाराम शर्मा, हबीब खा, रामसेवक सैनी, महेश पाठक, विनोद कुमार कुशवाहा, हरीश तिवारी, घनश्यामदास वर्मा, रंजीत सिंह, माता प्रसाद, कमलापति त्रिपाठी, तेजसिंह कुशवाहा, अशोक कुमार पुरोहित, सुरेन्द्र कुमार जैन मीडिया प्रभारी, आत्माराम रिछारिया उपस्थित रहे।

---

### सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर दीपावली पर दिया सम्मान

# सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया




**ललितपुर।** दीपावली पर्व को लेकर रविवार को शहर के वार्ड संख्या 18 सुभाषपुरा के पार्षद आलोक जैन मयूर ने वार्ड के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारी नेता महेन्द्र जैन मयूर ने कहा कि वर्ष भर वार्ड को स्वच्छ रखते हुये अपनी जिम्मेवारियों का निर्वाह्न करते यह सफाई कर्मी असल में योद्धा की तरह हैं। वहीं अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की मंशाअनुरूप शहर को स्वच्छ बनाये रखने में सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान मुन्नालाल जैन, व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर, अधिशाषी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा, पार्षद अमरदीप रजक, पार्षद आलोक मयूर आदि उपस्थित रहे।

---

### दीये और सजावटी लाइटें भी लोगों को खूब लुभा रही

# दीपावली पर सजा दीयों का बाजार, भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। जगह-जगह मिट्टी, पीतल और रंग-बिरंगे दीयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। कुम्हारों ने भी अपनी मेहनत से सुंदर-सुंदर दीये तैयार कर बाजार में सजाए हैं। इस बार बाजार में पारंपरिक मिट्टी के दीयों के साथ-साथ आकर्षक डिजाइन वाले इलेक्ट्रिक दीये और सजावटी लाइटें भी लोगों को खूब लुभा रही हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष बिक्री में पिछले साल के मुकाबले अच्छी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोग अपने घरों को रोशनी और खुशियों से सजाने में जुट गए हैं। दीपों की इस जगमगाहट से पूरा क्षेत्र उत्सव की चमक में नहा उठा है। नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि मिट्टी के दीये जलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है बल्कि स्थानीय कुम्हारों की आजीविका भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दीपावली सिर्फ रोशनी का नहीं बल्कि स्वदेशी भावना और एकता का त्योहार है।

---

### मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

# दुष्कर्म पीड़िता ने विवेचक व एक उपनिरीक्षक पर लगाया आरोपी का सहयोग करने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता ने शहर कोतवाली में तैनात विवेचक व साइबर थाने में नियुक्त एक उपनिरीक्षक पर आरोपित का साथ देने के गंभीर आरोप लगाते हुये मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि मध्यप्रदेश के जनपद श्योपुर व हाल जनपद झांसी निवासी यश चौहान से उसकी शादी की बातचीत चल रही थी। इस दौरान आरोपित का उसके घर आना जाना था, शादी का झांसा देकर आरोपित ने पीड़िता के खाने व कोल्डडिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे खिला दिया। बेहोशी का फायदा उठाकर आरोपित ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। शादी की बात चलने के कारण पीड़िता मौन बनी रही, एक दिन आरोपित ने पीड़िता से शादी करने से मना कर दिया। यह सुन पीड़िता ने जीवन बर्बाद करने के कारण आत्महत्या करने की कहने पर आरोपित धमकी देकर पुलिस में उसकी मॉ दरोगा होने की बात कर भयबीत कर पैसे के दम पर निपट लेने की बात कहने लगा। पीड़िता का आरोप है कि साइबर थाने में तैनात उपनिरीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज होने की बात कर उसके साथ दुर्व्यवहार करने व विवेचक द्वारा उसे गुमराह करने के आरोप लगाये है। उसे भयभीत कर ब्यान वदलवाने व उसके ब्यान की जगह चिकित्सक के ब्यान दर्ज करने के गंभीर आरोप लगाये है। पीड़िता ने लखनऊ जाकर धरना प्रदर्शन कर साइबर थाने में तैनात उपनिरीक्षक व विवेचक पर कार्यवाही करते हुये उन्हें हटाने की मांग की है।

**विवेचक की कार्यप्रणाली रही चर्चा का विषय**

दुष्कर्म की मामले की जांच कर रहे विवेचक की कार्यप्रणाली काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुई है। पूर्व में बांसी चौकी में तैनाती के दौरान भी इनका कार्यकाल विवादों में रहा, तो वही शहर कोतवाली में नियुक्त होने के बाद भी पीड़ित को भयबीत करने के आरोप अब सामने आने लगे है। अब देखना यह है कि पीड़िता द्वारा जांच अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाये जाने के बाद आलाधिकारी द्वारा जांच अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही अमल में लायी जाती है।

---

### जय अंबे रक्तदान समिति ने की पहल

# रानू यादव ने रक्तदान कर चिकित्सालय में भर्ती जच्चा बच्चा का बचाया जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मेडिकल कॉलेज के महिला चिकित्सालय मे भर्ती जरूरतमंद गर्भवती महिला मरीज महक सेन पिसनारी के शरीर मे ब्लड की अधिक कमी होने के कारण डॉक्टरों ने ब्लड की आवश्यकता बताई क्योंकि गर्भवती महिला मरीज के साथ केवल एक महिला रचना सेन थी और वह ब्लड के लिए परेशान हो रही थी इसकी सूचना जय अंबे रक्तदान समिति के सदस्यों को दी गई और रक्तदाता रानू यादव सहित सदस्यों ने ब्लड बैंक पहुंचकर रानू यादव ने महक सेन पिसनारी को आठवीं बार रक्तदान किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक रचना सेन राजेश गोलू बलराम राज आदि रहे।

---

### ओवररेट खाद बेचने का आरोप

# प्रदर्शनकारी किसानों ने महरौनी मार्ग किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा

मड़ावरा तहसील क्षेत्र में खाद न मिलने से किसानों में आक्रोश फैल गया। शनिवार दोपहर सैदपुर की साधन सहकारी समिति पर खाद न मिलने के विरोध में किसानों ने मड़ावरा-महरौनी मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। किसानों ने करीब एक घंटे तक सड़क पर बैठकर विरोध जताया, जिससे यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। प्रदर्शन में महिला किसान भी शामिल थीं। किसानों ने आरोप लगाया कि साधन सहकारी समिति पर उन्हें खाद का वितरण नहीं किया जा रहा है। जबकि रात के समय सचिव द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है और उसे ओवररेट पर बेचा जा रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद केवल समिति के खाताधारकों को ही खाद का वितरण शुरू किया गया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी किसानों को खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए और रात में हो रही खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

### नेहरू महाविद्यालय में दीपावली पर्व पर आयोजित की परिचर्चा

# अंधेरा काल्पनिक है जो रोशनी होने पर तुरंत गायब हो जाता: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दीपावली पर्व पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य, निरोगी काया ही व्यक्ति का सच्चा धन है। धन तेरस और दीवाली की मंगल परम्परा यह सन्देश लेकर आती है कि-धन मेरा नहीं तेरा है , यानि श्रम से उत्पन्न धन श्रम की देवी लक्ष्मी का है । पुरानी उक्ति कितनी सटीक है कि - रुपया -पैसा हाथ का मैल है । अर्थात किसान , कारीगरों और मजदूरों के पसीने का ही अर्क रुपये-पैसे में संचित होने पर एक प्रकार से श्रमिक के जीवित श्रम से उत्पादित रूपये -पैसे के मैल को ही लोग चल और अचल संपत्ति कहने लगते हैं। परंतु यह निर्जीव सम्पति के उत्पादक श्रमिकों का जीवन भर गला पकड़े रहती है और उसका जीवन दूभर कर देती है । भारतीय संस्कृति में संत कबीर के शब्दों में - विपत्ति का सामना करने के लिए संपत्ति का होना जरूरी है किंतु उसकी सीमा इतनी ही हो कि साईं इतना दीजिये,जा में कुटुंब समाय।

**मैं भी भूखा न रहूँ ,**
**साधु न भूखा जाय।।**

धन की या श्रम की देवी लक्ष्मी जी यही चाहती हैं कि धरती के सारे मनुष्य,मनुष्यत्व की पूरी महिमा और गरिमा के साथ परस्पर उपकार करते हुए सर्व सुख लोक मंगलकारी जीवन जियें । और



परमात्मा के बनाये पांचों तत्वों के साथ अपनी अद्वैतता बनाये रखें ।

**सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे**
**सन्तु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु , मा**
**कश्चिद् दुःखभाग्भवेत।।**

रोशनी की अनुपस्थिति में ही मनुष्य ' धजी को साँप ' समझ बैठता है या साँप के फन को धजी समझकर जीवनलीला को समाप्त कर देता है । अतः सूरज की तरह प्रकाश की किरण प्रत्येक के मन में धसी हुई कलौंच को हटाने के लिए अपरिहार्य है परन्तु मुसीबतों का अंत अपनी अपनी दाढ़ी की आग बुझाने से कभी नहीं हो सकता है । इसीलिए दीपावली अस्तित्वहीन अँधेरे को संगठित होकर हटाने का एक सामूहिक आवाहन है ।


इस पर्व पर जुए की कुप्रथा को कतिपय स्वार्थीतत्व धर्म के साथ जोड़ने का जो दुस्साहस हजारों साल से कर रहे हैं , वे भोले-भाले लोगों को बड़ी कुटिलता और धूर्तता के साथ जाल में इस तरह से फंसा लेते हैं कि उनकी जुए की दीवाली एक दिन की नहीं बल्कि साल के 365 दिनों के लिए आती है । जुआ खेलने वाले जो दो व्यक्ति इस जुगाड़ में रहते हैं कि कैसे एक का पैसा उसी की जेब में पहुंच जाये वे एक दूसरे के क्या वास्तविक दोस्त कहलाने लायक हैं । कृपया सोचें और समाधान का कारगर उपाय करें । वस्तुतः दीपावली ज्ञान फलस्वरूप इच्छा , तदंतर क्रिया की त्रिपुरा सरस्वती , लक्ष्मी और दुर्गा की संयुक्त उपासना का पावन पर्व है ।

## सीएम डॉ. यादव ने ब्यावरा में प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि अंतरित की

# किसानों को दीपावली मनाने के लिए धन की कोई कमी नहीं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**33 करोड़ रुपए लागत की ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का किया भूमिपूजन, रोडशो में उमड़ा जनसैलाब**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान राम और कृष्ण के देश में किसानों को दीपावली का त्यौहार अच्छे ढंग से मनाने के लिए राज्य सरकार के पास कोई कमी नहीं है। किसानों के हर संकट में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है।

राजगढ़ जिले के लिए आज धनतेरस के दिन लगभग 500 करोड रुपए की सौगात मिल रही है यह प्रदेश भर में बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ जिले के ब्यावरा में किसान सम्मेलन में किसानों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि अंतरित की। उन्होंने 226.81 करोड़ रूपये की योजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले गेहूं 100 क्विंटल खरीदा जाता था लेकिन हमने इसे इतना बढ़ा दिया है कि अब 2600 प्रति क्विंटल में खरीदा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 का कलंक मिटाकर फेंक दिया है।

### गोवंश एवं कन्या पूजन कर की कार्यक्रम की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड शो के बाद मुख्य समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गोवंश की पूजा की। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने मंच पर कन्या पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नरेंद्र मोदी स्वयंसेवक से प्रधान सेवक पुस्तक का विमोचन किया।

### महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान या अपमान!

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जहां प्रशासन द्वारा जारी किए गए आमंत्रण में सभी अतिथियों के नाम व सरनेम स्पष्ट लिखे गए वहीं प्रशासन ने महिला जनप्रतिनिधियों के नाम के साथ सरनेम लिखना उचित नहीं समझा। जबकि एक महिला जनप्रतिनिधी नगरपालिका की अध्यक्ष है तो दूसरी जनपद की अध्यक्ष। इसके साथ ही जनसंपर्क राजगढ द्वारा जारी प्रेस नोट में भी नगरपालिका अध्यक्ष लीलीदेवी कुशवाह एवं जनपद अध्यक्ष राधाबाई गुर्जर के सरनेम नहीं लिखें गए। इससे प्रशासन की महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता व बराबरी का दर्जा देने की पोल खुल गई है।

### नपाध्यक्ष लीलाबाई कुशवाह ने माना आभार

नगर के विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को ब्यावरा में आयोजित एक विशाल जनसभा में 10 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही नगर के बुनियादी ढांचे और जनसुविधाओं में व्यापक सुधार का रास्ता खुल गया है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक शहर और कस्बा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो तथा नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ब्यावरा के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस घोषणा के बाद नगर पालिका परिषद ब्यावरा की अध्यक्ष लीलादेवी फूलसिंह कुशवाह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह राशि नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नालियों के निर्माण व मरम्मत अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए उपयोग में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राशि ब्यावरा के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मजबूत आधार बनेगी।

### फैक्ट फाइल

- मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने कहा कि भाई दूज के त्योहार पर लाडली बहनों को खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि मिलेगी। इसके बाद हर महीने 1500 रुपए की राशि डाली जाएगी ।
- नगर पालिका ब्यावरा एवं नगर परिषद सुठालिया को विकास कार्यों के लिए 10 –10 करोड रुपए की राशि दी जाएगी।
- ब्यावरा में अतिरिक्त कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनाया जाएगा।
- ब्यावरा में पीपल चैराहे से राजगढ़ बाईपास तक रोड़ चैड़ीकरण व उन्नयन एवं सुठालिया रोड़ का उन्नयन और चैड़ीकरण किया जाएगा।
- गिंदौरहाट, सेमलापार और बैरसिया हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया जाएगा।

### पूर्व राज्यमंत्री ने भेंट किया हल

सभा के दौरान पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को हल भेंट किया। जिस पर जय जवान, जय किसान का नारा लिखा हुआ था। पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव किसानों की चिंता करते हैं और उन्होंने किसानों का दुख समझते हुए सोयाबीन फसल में हुए नुकसान का मुआवजा राशि देकर किसानों को राहत की सौगात दी है। इसलिए हमने पूरे जिले भर के किसानों की ओर से उन्हें यह हल भेंट किया है।

**कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर दिखावे के लिए किया विरोध :** अपने शासन में अजनार नदी की चिंता न करने वाले कांग्रेस पदाधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिती दर्ज कराने विभिन्न तरीके के स्वांग रचते नजर आए। कोई काले झंडे दिखाने के लिए पकडा गया



कोई मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में स्थानीय सच्चाई बताने के लिए प्रोटोकाल तोडने में धराया। जबकि स्थानीय स्तर पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री मौजूद है परंतु कांग्रेस ने कभी भी विरोध कर मंत्री पंवार को विरोध दर्ज नहीं कराया सिर्फ दिखावे के लिए और मीडिया में हाईलाइट होने के लिए

## महिला से दुराचार के आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास

**विशेष सत्र न्यायाधीश ने सबूतों एवं लिखित साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खेत से बरसी काटकर लौट रही एक महिला से जबरन दुराचार करने वाले आरोपी को विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी) ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से प्रस्तुत 15 गवाहों एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह अहम फैंसला सुनाया है। लोक अभियोजक पी.एन. मालाकार ने बताया कि 14 जनवरी 2024 को दिन के समय पीड़िता महिला अपने खेत से बरसी काटकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान हरिओम गुर्जर उर्फ भूरा निवासी ग्राम घीयाखेड़ी थाना बोड़ा साईकिल से आया और पीड़िता को जबरन पकड़कर समीप के खेत में ले जाकर पटक दिया। पीड़िता महिला के चिल्लाने पर आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि किसी को मालूम न हो पाए। साथ ही पीड़िता से बोला कि ज्यादा चिल्लाई तो यहीं जान से खत्म कर दुंगा।

### पीड़िता के बेटे को आया देख मौके से भागा आरोपी

पीड़िता का बेटा मां को ढूंढते हुए खेत तरफ आया तो रास्ते में बरसी की पोटली गिरी हुई दिखने पर वो मां को आसपास के खेत में ढूंढने लगा। पीड़िता के बेटे को आता देख आरोपी हरिओम मौके से भाग निकला। आरोपी जाते-जाते यह भी कहकर गया कि अगर रिपोर्ट सोच-समझकर करना वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना। बाद में पीड़िता ने परिजनों के साथ बोड़ा थाने पहुंचकर पूरी आपबीती बताई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी हरिओम पर विभिन्न दुष्कर्म सहित एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया। लोक अभियोजक मालाकार ने बताया कि न्यायालय में करीब पौने दो साल चले प्रकरण के दौरान कुल 15 साक्षियों एवं 26 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। तमाम गवाहों एवं सबूतों की बिना पर आरोपी हरिओम गुर्जर को दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## स्कूली बालिकाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बनाई रंगोली और पेंटिंग्स

### दीपोत्सवः कैरियर कॉन्वेंट स्कूल में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पांच दिवसीय दीपोत्सव आरंभ हो चुका है। इसी कड़ी में नगर के कैरियर कान्वेंट स्कूल में रंगोली, दीप-सज्जा, मेंहदी, चित्रकला, पूजन थाल सज्जा एवं अनुपयोगी सामग्री से सजावट के सामान बनाने के संबंध में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।

हर प्रतियोगिता के प्रभारी ने प्रतियोगिता के लिए आवश्यक व्यवस्था करवाते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्हें मार्गदर्शित किया ताकि बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। रंगोली प्रतियोगिता में स्कूल की बालिकाओं ने भारतीय सेना के अदम्य साहस को दर्शाती एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोलियां बनाईं। प्रत्येक प्रतियोगिता में यूकेजी से कक्षा 8 तक के कई विद्यार्थियों ने सम्मिलित होकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पारितोषिक प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया। संस्था संचालक राकेश पांडे ने सभी विजेता बच्चों को बधाई देते हुए दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

### सावधानी पूर्वक चलाएं आतिशबाजी

पुरस्कार वितरण के दौरान संस्था संचालक ने बच्चों से कहा कि दीपावली पर आतिशबाजी चलाने में सावधानी बरतें एवं घर पर बनी हुई मिठाईयों का ही प्रयोग करें। प्रतियोगिता के आयोजन में स्टाफ सदस्यों संगीता राणावत, हिमानी सक्सेना, दीपिका सोजनिया, रितुरानी साहू, तसनीम खान, अंशिका सक्सेना, नीलू सक्सेना, रेखा सांकला, मुस्कान नोरिया, केशनी प्रजापति, ईशा नागर, गीतिका जोशी, अमृता जाट, सुप्रिया कोसरवाल, राखी खान, प्रशांत वर्मा, मनोज पुष्पद का विशेष योगदान रहा।

**सुरक्षा संबंधी निर्देश जारी**

## आतिशबाजी दुकानों का किया कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दीपोत्सव पर्व हेतु प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय स्टेडियम परिसर में अस्थाई पटाखा बाजार बनाया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार को सुरक्षा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत पटाखा बाजार का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आतिशबाजी विक्रेताओं को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश देते हुए अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता की भी जांच की गई। इसके साथ ही सभी पटाखा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे दुकान पर अग्निशमन यंत्र, रेत से भरी बाल्टी तथा पानी की व्यवस्था अनिवार्यतः रखते हुए सुरक्षा संबंधी अन्य मानकों का पालन करें। इस दौरान राजगढ़ अनुविभागीय अधिकारी निधि भारद्वाज, सीएमओ पवन अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्टेडियम परिसर में आधा सैकड़ा से अधिक व्यवसायियों ने अस्थाई लायसेंस लेकर आतिशबाजी की दुकान लगाई हैं।

### 6 आरोपियों पर केस दर्ज, पीड़िता शाजापुर अस्पताल में

## खेत की मेढ़ विवाद में महिला पर तेजाब से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पचोर तहसील के सराली गांव में खेत की मेढ़ को लेकर चल रहे विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जब खेत पर काम कर रही एक 30 वर्षीय महिला पर तेजाब (एसिड) डालने की घटना सामने आई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता के भाई चंद्रशेखर लोधी के अनुसार, घटना 15 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे की है। उनकी बहन सपना लोधी (30) अपने पति कमलेश लोधी और डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही मनीराम, सुरेश, अशोक, कोमलबाई, कुंतीबाई और हँसमुखबाई खेत पर पहुंचे और मेढ़ को लेकर कहासुनी करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और पत्थर से हमला किया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो उसका मोबाइल छीन लिया गया। इसके बाद कथित रूप से सुरेश और अशोक ने उसे पकड़ लिया और अशोक एक डिब्बे में एसिड लेकर आया, जिसे महिला के शरीर पर डाल दिया गया। तेजाब गिरने से महिला के कंधे, पैर और निजी अंगों पर गंभीर जलन हो गई। पीड़िता ने बताया कि जब गांव के एक युवक मोहन ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद परिजन महिला को शाजापुर जिला अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। परिवार का आरोप है कि घटना के दो दिन बाद भी पुलिस ने केवल मारपीट की धारा में मामला दर्ज किया, जबकि तेजाब हमले की गंभीरता को नजरअंदाज किया गया।फिलहाल पुलिस ने सभी छह नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इनका कहना हैं**

"महिला के बयान और डॉक्टर की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आगे की विवेचना जारी है। आरोपों की सच्चाई जांच में स्पष्ट होगी।"

शकुंतला बामनिया
थाना प्रभारी पचोर

## आत्मा रूपी दीप को जलाएं और अपने अंदर प्रकाश फैलाएं : तेजस्वी दीदी



**तलेन।** शनिवार को नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विशवविद्यालय मे दीपावली के उपलक्ष में आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया सभी भाई-बहनों को तिलक एवं पटा पहना कर सम्मान किया। महालक्ष्मी जी की पूजा कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया बीके तेजस्वी दीदी ने दीपावली का महत्व बताया की दीपावली में सब अपने घरों की सफाई करते हैं इसी तरह हम भी अपने अंदर की सफाई कर दीपराज शिव बाबा से हम आत्मा रूपी दीप को जलाएं और अपने अंदर प्रकाश फैलाएं उन्होंने बताया कि हम काम क्रोध लोभ मोह अहंकार अज्ञानता के अंधकार में भटकते हुए मानव को ज्ञान प्रकाश की जरूरत है। शिवा परमपिता परमात्मा के ज्ञान से हर एक आत्मा का दीप जलाएं साफ सफाई का रहस्य बताया कि अपना पुराने विकारों को परमात्मा की याद से खत्म कर नए जीवन का आरंभ । कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए बीके देव दीदी ने धनतेरस का रहस्य बताएं उन्होंने कहा घर की सफाई करते हैं सफाई करना अर्थात सत्य स्वरूप में स्थित होना यानी लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं तो वह लक्षण जो श्रेष्ठ है उसका हम आवाहन करें जैसे लक्ष्मी जी के हाथों से धन भी खेतीहै ऐसे हम अपने जीवन को भी परमात्मा की याद से अपनेजीवन कोअमूल्य धन से संपन्न कर दे।

**किया गया बाबा का विशेष श्रृंगार, निकाली गई निशान यात्रा**

## रमा एकादशी के अवसर पर भक्तों की आस्था से उमड़ा भारी जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को रमा एकादशी के अवसर पर भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।

अनुमान के मुताबिक, 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन समिति ने इस अवसर के लिए विशेष तैयारियां की थीं, जिसमें उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो गेंदे के फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था और दोपहर की आरती तक मंदिर प्रांगण पूरी तरह से खचाखच भरा रहा। शहर के अलावा आसपास के गांवों और पूरे जिले से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।इस अवसर पर कई गांवों से ढोल-धमाकों और डीजे के साथ निशान यात्राएं मंदिर पहुंचीं। भक्त नाचते-गाते हुए निशान यात्रा लेकर बाबा खाटू श्याम के दरबार में पहुंचे और बाबा को निशान समर्पित किया। शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक विशाल निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बाबा का निशान लेकर शामिल हुए और उसे श्रद्धापूर्वक बाबा श्याम को समर्पित किया।

अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सिटी थाना पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ी मंदिर परिसर और आसपास तैनात की गई थी। नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। भीड़ के दबाव के कारण प्रशासन ने हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला। नगर रक्षा समिति ने ट्रैफिक व्यवस्था और मंदिर के दर्शन की व्यवस्था को संभाला। इसमें नरेंद्र सिलावट, संजीव कारपेंटर, सागर जाटव, राजाराम दांगी, अरुण जाटव, अरुण वर्मा, श्रीपाल राजपूत और राहुल लश्करी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। रमा एकादशी का विशेष महत्व होता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ज्योतिषियों के अनुसार, रमा एकादशी के दिन शिववास और शुक्ल योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे थे। इन योगों में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल प्राप्त होता है और उन पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है।

## धनतेरसः आरोग्य देवता भगवान धनवंतरि का प्राकट्य उत्सव मनाया



**सारंगपुर।** शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चैहान की अध्यक्षता मे भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण , दीप, प्रज्वलन कर समिति के द्वारा पूजा अर्चन कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया सुख समृद्धि के लिए आयुर्वेद और योग के प्रति जागरूकता फैलाना आरोग्य भारती का उद्देश्य रहा है। अन्य जगह भी अपने अपने क्लीनिक पर धन्वंतरी भगवान का पूजन किया। इस अवसर पर पंडित सत्यनारायण शर्मा काका डॉ लतेश सिंघाई, डॉ आर. पी. आर्य, नंदकिशोर सोनी लक्ष्मी नारायण त्रिकार डॉक्टर दुर्गेश चंद्रवंशी, डॉ नितेश मिश्रा,डॉ नारायण नागर, डॉ विजय चैहान,डॉ नितेश जोशी, रमेश चंद वर्मा,शशांक त्रिपाठ,चेतन दंडवानी, श्याम जाटव,सेवा सदन आंख जांच केंद्र विशेषज्ञ विशाल कुशवाहा, राम सिंह देथलिया, एवं पर्यावरण प्रेमी दल सदस्य रामनारायण टेटवाल, विष्णु प्रसाद जोशी, गोपाल गिरी,आदि बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।